Hiralal Mazumdar Memorial College for Women
LIBRARY
Dakshineswar, Kolkata - 700 035

WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours/Programme 4th Semester Examination, 2022

HINHGEC04T/HINGCOR04T-HINDI (GE4/DSC4)

Time Allotted: 2 Hours — Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) 'गबन' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(ख) 'कहानी : नई कहानी' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।

(ग) 'आदमी का बच्चा' कहानी किस कहानीकार ने लिखी है ?

(घ) 'एक और जिन्दगी' कहानी संग्रह का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(ङ) भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए – 5×3 = 15

(क) अपीलहीन फैसला हुआ कि चाहे उन दोनों में एक सच्चा हो चाहें दोनों झूठे; पर जब वे एक कोठरी से निकले। तब उनका पति-पत्नी के रूप में रहना ही कलियुग के दोष का परिमार्जन कर सकता है।

(ख) वह लालसा जो आज सात वर्ष हुए उसके हृदय में अंकुरित हुई थी, जो इस समय पुष्प और पतलव से लदी खड़ी थी, उस पर वज्राघात हो गया। आज ही के दिन पर तो उसकी समस्त आशाएं अवलंबित थीं। दुर्देव ने आज वह अवलंब भी छीन लिया।

(ग) हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा जिसमें उच्च चिंतन हो, स्वस्वाधीनता का भाव हो, सौंदर्य का सार हो, सृजन की आत्मा हो। जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश हो, जो हममें गति और बेचैनी पैदा करे, सुलाये नहीं, क्योंकि अब और ज्यादा सोना मृत्यु का लक्षण है।

(घ) लज्जा ने सदैव वीरों को परास्त किया है। जो काल से नहीं डरते, वे भी लज्जा के सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं करते। आग में कूद जाना, तलवार के सामने खड़ा हो जाना, उसकी अपेक्षा कहीं सहज है।

(ङ) आसपास के घरों की खिड़कियाँ तब बन्द हो गयी थीं। जो लोग इस दृश्य के साक्षी थे, उन्होंने दरवाजे बन्द करके अपने को इस घटना के उत्तरदायित्व से मुक्त कर लिया था। बन्द किवाड़ों में भी उन्हें देर तक जुबैदा। किश्वर और सुलताना के चीखने की आवाजें सुनाई देती रहीं।

3. '' 'गबन' एक आदर्शोन्मुख यथार्थवादी उपन्यास है।''– कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

उपन्यास के स्वरूप और संरचना पर प्रकाश डालिए। 15

4. कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'परदा' कहानी की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

प्रेमचन्द की साहित्य का उद्देश्य संबंधी धारणाओं की समीक्षा कीजिए।

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within 1 hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——